Title : Regarding need to declare Minimum Support Price of certain agricultural produces of Rajasthan.

(v) Need to declare Minimum Support Price of certain agricultural

produces of Rajasthan

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय ग्वार, मोठ, धनिया तथा जीरे के उत्पादन में राजस्थान प्रदेश का देश में अग्रणी स्थान है। देश के ग्वार उत्पादन का 80 प्रतिशत राजस्थान में उत्पन्न होता है। मोठ के उत्पादन में राजस्थान देश में प्रथम है। मोठ के अंतर्गत गत पांच सालों का औसत बुवाई क्षेत्रफल 8.69 लाख हैक्टर है तथा प्रतिवर्ष 1.20 लाख मैं. टन मोठ का उत्पादन होता है। ग्वार के अंतर्गत बुवाइ क्षेत्रफल 20.56 लाख हैक्टेयर तथा उत्पादन 3.77 लाख मै. टन प्रतिवर्ष है। जीरा तथा धनिया के अंतर्गत विगत पांच सालों का औसत बुवाइ क्षेत्रफल क्रमशः 2.35 तथा 1.66 लाख हैक्टर तथा औसत उत्पादन क्रमशः 0.75 तथा 1.68 लाख मै. टन है। धनिया तथा जीरा के अंतर्गत कुल बुवाइ क्षेत्रफल लगभग 4 लाख हैक्टर है तथा लगभग 40 लाख कृषक परिवारों की जीविका इस पर निर्भर करती है। यह भी उल्लेखनीय है कि इसबगोल एवं मेथी राजस्थान की महत्वपूर्ण औषधि/मसाला फसलें हैं। इन फसलों के अंतर्गत विगत पांच साल का औसत बुआइ क्षेत्रफल क्रमशः 88000 व 470000 हैक्टर तथा औसत उत्पादन 60000 व 54000 मैट्रिक टन है। भारत सरकार द्वारा अभी तक इन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है।

अतः माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि इन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करवायें ताकि किसानों को लाभकारी भाव मिल सकें।